# दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

www.naiduniaonline.com

वर्ष- 77 (भोपाल : वर्ष 38 अंक 255,पृष्ठ 12) | मंगलवार 15 अगस्त 2023 | राजधानी संस्करण | कीमतः 3:00 रुपये


## स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं

**स्वतंत्रता दिवस** के पावन पर्व पर **नईदुनिया** परिवार की ओर से अपने शुभचिंतकों, पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं एजेंट बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## अवकाश की सूचना

'**स्वतंत्रता दिवस**' के पावन पर्व पर 15 अगस्त मंगलवार को **नईदुनिया** कार्यालय में अवकाश रहेगा, अगला अंक 17 अगस्त गुरूवार को प्रकाशित होगा। कृपया सभी एजेंट बंधु और विज्ञापनदाता नोट कर ले।

**प्रबंध संपादक**

## खास-खबर

### शाह ने हिमाचल में भूस्खलन में लोगों की मौत पर किया दुःख व्यक्त



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के कारण विभिन्न घटनाओं में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। शाह ने सोमवार को एक ट्वीट संदेश में कहा कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भारी वर्षा और भूस्खलन से हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें स्थानीय प्रशासन के साथ राहत व बचाव कार्यों में लगी हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं । ईश्वर उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दे। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं के कारण 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई है तथा करीब 40 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।



# हिमाचल और उत्तराखंड में भारी वर्षा से बिगड़े हालात, 30 की मौत

**शिमला/देहरादून (एजेंसी)।**

**उत्तर भारत के दो प्रमुख पहाड़ी राज्यों- हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दोनों ही राज्यों में वर्षाजनित हादसों के चलते कई लोगों की मृत्यु की खबर है। दोनों ही राज्यों में राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाये जा रहे हैं और दोनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री हालात पर नजर बनाये हुए हैं।**

इस बीच, उत्तराखंड में अगली सूचना तक चारधाम यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। वहीं यह भी खबर है कि केंद्र सरकार भी दोनों राज्यों की सरकारों के संपर्क में बनी हुई है और हर तरह की मदद दी जा रही है। हिमाचल प्रदेश में बारिश का कहर सोमवार को भी जारी है और 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से कई लोगों की मौत शिमला में भूस्खलन के बाद मलबे में दबने से हुई। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि समर हिल इलाके में एक शिव मंदिर और फागली इलाके में एक अन्य स्थान पर भूस्खलन हुआ और मलबे से नौ शवों को बाहर निकाला गया है।

उन्होंने कहा कि फागली इलाके में कई मकान मिट्टी में धंस गए। इन दोनों स्थानों पर 15 और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इसके अलावा, सोलन में बादल फटने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोलन जिले के जादोन गांव में रविवार रात को बादल फटने से दो मकान बह गए। हादसे में छह लोगों को बचा लिया गया जबकि सात अन्य की मौत हो गयी। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि जिले की बलेरा पंचायत में एक झोंपड़ी के भूस्खलन की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गयी। उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा, रामशहर तहसील के बनाल गांव में भूस्खलन में एक अन्य महिला की मौत हो गयी। उधर, हमीरपुर में उपायुक्त ने बताया कि जिले में मूसलाधार बारिश के कारण तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य लापता हैं। उन्होंने जिले के सभी निवासियों से खराब मौसम के मद्देनजर खास एहतियात बरतने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचने की अपील की है। इस बीच, मंडी के उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने बताया कि जिले की सेघली पंचायत में रविवार देर रात को भूस्खलन में एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गयी जिनमें दो साल का बच्चा भी शामिल है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का देश के नाम संदेश

# 'भारत ने विश्व मंच पर अग्रणी स्थान बनाया'

### देश ने चुनौतियों को अवसरों में बदला, हमें जाना है बहुत आगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश को इसकी बधाई दी है। अपने संबोधन की शुरूआत में उन्होंने कहा कि देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आप सभी को मेरी हार्दिक बधाई! यह दिन हम सब के लिए गौरवपूर्ण और पावन है। चारों ओर उत्सव का वातावरण देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम केवल एक व्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि हम एक ऐसे महान जन-समुदाय का हिस्सा हैं जो अपनी तरह का सबसे बड़ा और जीवंत समुदाय है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों का समुदाय है। उन्होंने कहा कि जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है। लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है जो इन सबसे ऊपर है, और हमारी वह पहचान है, भारत का नागरिक होना। राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीजी तथा अन्य महानायकों ने भारत की आत्मा को फिर से जगाया और हमारी महान सभ्यता के मूल्यों का जन-जन में संचार किया। उन्होंने कहा कि हम सभी, समान रूप से, इस महान देश के नागरिक हैं। हम सब को समान अवसर और अधिकार उपलब्ध हैं तथा हमारे कर्तव्य भी समान हैं। उन्होंने कहा कि सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आसफ अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म-विश्वास के साथ, देश तथा समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। आज हमारी महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मैं सभी देशवासियों से आग्रह करती हूँ कि वे महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दें। मैं चाहूंगी कि हमारी बहनें और बेटियाँ साहस के साथ, हर तरह की चुनौतियों का सामना करें और जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि भारत, पूरी दुनिया में, विकास के लक्ष्यों और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि-जी20 समूह दुनिया की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए यह हमारे लिए वैश्विक प्राथमिकताओं को सही दिशा में ले जाने का एक अद्वितीय अवसर है। देश ने चुनौतियों को अवसरों में बदला है और प्रभावशाली जीडीपी ग्रोथ भी दर्ज की है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पहल की गयी है तथा व्यापक स्तर पर कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# राष्ट्रपति पुलिस पदक से प्रदेश के 24 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

### एडिशनल एसपी आदित्य मिश्रा समेत चार को मिलेगा वीरता पदक

**भोपाल (काप्र)।**

मध्यप्रदेश के 24 अधिकारियों और जवानों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले नामों का एलान किया है। देश में पदकों के हिसाब से प्रदेश को नौवां स्थान है। प्रदेश के जवानों को चार पदक वीरता के लिए, चार पदक विशिष्ट सेवा के लिए और 16 पदक सराहनीय सेवा के लिए मिले है।

वीरता के लिए एडिशनल एसपी आदित्य मिश्रा को पदक मिला है। आदित्य मिश्रा को बीते वर्ष बैहर एसडीओपी रहते हुए नक्सलियों के सफाए के मिला मिला था, जिसे कल 15 अगस्त को मुख्यमंत्री लाल परेड मैदान से दीपक मिश्रा को प्रदान करेंगे। इस वर्ष उन्हें एएसपी (नक्सल) बालाघाट रहते हुए अपनी टीम के उप निरीक्षक रामपदम शर्मा, सहायक उप निरीक्षक आशीष शर्मा और आरक्षक रमेश विश्वकर्मा के साथ नक्सलियों को मारने के लिए मिला है। यह पदक आईपीएस मिश्रा को 15 अगस्त 2024 को आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।


**वीरता पदक** - प्रदेश में वीरता पदक चार अधिकारी-जवानों को मिला है। इसमें एडिशनल एसपी आदित्य मिश्रा, एसआई रामपदम शर्मा, एएसआई आशीष शर्मा, कांस्टेबल रमेश विश्वकर्मा शामिल है।

**विशिष्ठ सेवा पदक**- प्रदेश में विशिष्ठ सेवा पदक भी चार अधिकारी-जवानों को मिला है। इसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आशुतोष राय, एडीजी ए साई मनोहर, एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस मनीष कपुरिया, इंदौर के इंस्पेक्टर अशोक रघुवंशी शामिल है।

**सराहनीय सेवा**- प्रदेश के 16 अधिकारी-जवानों को सराहनीय सेवा के पदक से नवाजा गया है। इसमें असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मलय जैन, रीवा सुप्रीटेंड ऑफ पुलिस सुरेंद्र कुमार जैन, भोपाल डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल मनोज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर (अजाक) पंकज कुमार पांडे, भोपाल पुलिस अधीक्षक (एटीएस) प्रणय कुमार नागवंशी, ग्वालियर पुलिस अधीक्षक (लोकायुक्त) पुलिस रामेश्वर सिंह यादव, डीजीपी स्टॉफ ऑफिसर (एएसपी) संदेश जैन, उज्जैन डीएसपी अजय कैथवास, भोपाल विशेष शाखा इंस्पेक्टर सुनील कुमार राय, भोपाल सब इंस्पेक्टर डीपी सक्सेना, इंदौर कांस्टेबल मोहनलाल, छिंदवाड़ा हेड कांस्टेबल केशव राव इंगले, ग्वालियर हेड कांस्टेबल अशोक सिंह भदौरिया, उज्जैन हेड कांस्टेबल राम रतन नादेड़, सागर कांस्टेबल रमेश जोशी, उज्जैन डीएसपी सुनील कुमार तालान।

## स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली में सुरक्षा चाक-चौबंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किये गए हैं। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को यहां बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी जिलों में कई सुरक्षा उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कुछ चिह्नित जगहों और संवेदनशील क्षेत्रों पर अपनी सतर्क निगरानी रख रही है। सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने के लिए मुख्य सड़कों, भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों और अन्य स्थानों पर पैदल गश्त बढ़ा दी गई है। लालकिले की आतंरिक घेरे की सुरक्षा की कमान स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने संभाल ली है। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) कमांडो भी तैनात कर दिए गए हैं। आसमान से सुरक्षा को चाकचौबंद बनाने के लिए एंटी ड्रोन रडार लगाए गए हैं। सेना के हेलीकॉप्टर पर अत्याधुनिक हथियारों से लैस कमांडो टीम भी स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आसमान से सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। उन्होंने बताया कि कि पूरे शहर में अचूक सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों और पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।






सीजीआई चंद्रचूड़ के नाम पर बयान वायरल

# ये फर्जी, करेंगे कार्रवाई : सुको

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**भारत के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नाम से एक बयान वायरल हो रहा है, जिस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने भी संज्ञान लिया है।**

सुप्रीम कोर्ट के पीआरओ के इस बयान को फर्जी बताते हुए कहा है कि इसे वायरल करने वालों पर कानून के हिसाब से कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

सुप्रीम कोर्ट के महासचिव ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की तस्वीर के साथ व्हाट्सएप पर प्रसारित किए जा रहे एक कथित 'संदेश' को खारिज कर दिया है और दावा किया है कि सीजेआई ने लोगों को सड़कों पर आने और सरकार के खिलाफ विरोध करने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट के महासचिव और भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पुष्टि की कि प्रसारित किया जा रहा संदेश फर्जी था। सुप्रीम कोर्ट के महासचिव अतुल कुरहेकर ने लॉ टुडे को बताया कि सीजेआई द्वारा ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया है और अंग्रेजी और हिंदी में व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा व्हाट्सएप संदेश फर्जी है। संपर्क करने पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी प्रसारित संदेश को फर्जी बताया और कहा कि इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा है कि यह एक फर्जी फॉरवर्ड है। कोई भी सीजेआई कभी भी ऐसा काम नहीं करेगा, सीजेआई चंद्रचूड़ जैसा महान व्यक्ति तो बिल्कुल भी नहीं। माननीय के नाम पर इतनी गंभीर शरारत के लिए कदम उठाए जाने चाहिए और उठाए जाएंगे।

